हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत-अमरीका व्यापार समझौता राष्ट्रीय हित में सर्वोत्तम समझौता है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त जारी की। विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में एक हज़ार अठानवे करोड़ रुपए की राशी जारी की गई।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए काम करने वाली पंचायतों को प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली राशि 50 हजार रुपए से ब[illegible]ाकर एक लाख रुपए करने की घोषणा की।
- हरियाणा में झींगा मछली पालन के अंतर्गत क्षेत्र बढ़ाने के लिए भिवानी व सिरसा में उत्कृष्टता केंद्र की तर्ज पर दो एक्वा पार्क लगाए जाएंगे।
- हिसार, यमुनानगर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में चार थोक मछली मार्किट बनाई जाएंगी।

**********

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत-अमरीका व्यापार समझौता राष्ट्रीय हित में सर्वोत्तम समझौता है। मथुरा में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि इस समझौते में किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है।

शिव राज चौहान

*भारत के किसानों के हितों पर उन्होंने आंच नहीं आने दी। किसानों के हित को सर्वथा सुरक्षित किया जाए, यह समझौता उदाहरण है- डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का भारत के किसान महिला और युवाओं के सपनों को नए पंख देगा। जिससे वह प्रगति और विकास की ऊंची उड़ान भर सकेंगे।*

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज चण्डीगढ़ से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त जारी की।

एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि आज बहनों के खाते में लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त में 193 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

सी एम -लाडो

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में भी एक हजार 98 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए कार्य करने वाली पंचायतों को प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली अनुदान राशि 50 हजार रुपए से ब[illegible]ाकर एक लाख रुपए करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा की हर थाने में अन्वेषण विंग की स्थापना भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के बाद यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य, जिला एवं उपमंडल स्तर पर पंचायत प्रोत्साहन राशि उन पंचायतों में दी जाती है, जिनमें अनुसूचित जाति के विरूद्व अत्याचार न हो और उनके लिए आने वाला पूरा पैसा खर्च किया जा रहा हो। इसके अलावा पंचायत द्वारा गांव में नशे के विरुद्ध काम करना, पराली न जलाना और पेयजल समस्या का समाधान भी आवश्यक घटकों में शामिल किया गया है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से अनुसूचित जाति के अलावा महिलाओं के विरूद्व अपराध में भी कमी दर्ज की गई है। इसके अलावा लूटपाट, सम्पति के विरूद्व तथा धमकी देने के मामलों में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के विरूद्व अत्याचार या उत्पीड़न किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा।

**********

हरियाणा में झींगा मछली पालन के अंतर्गत क्षेत्र बढ़ाने के लिए भिवानी व सिरसा में उत्कृष्टता केंद्र की तर्ज पर दो एक्वा पार्क लगाए जाएंगे। और हिसार, यमुनानगर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में चार थोक मछली मार्किट बनाई जाएंगी।

आकाशवाणी के साथ विशेष बातचीत में हरियाणा मत्स्य पालन विभाग के संयुक्त निदेशक पवन कुमार ने बताया कि एक्वा पार्क लगाने की विभाग की योजना को मंजूरी मिल चुकी है।
प्रदेश में मत्स्य पालन को लेकर उन्होंने बताया कि हरियाणा इसमें बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा की झींगा मछली की भारी मांग है।

श्री पवन कुमार ने बताया कि किसानों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दो प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाए जा रहे हैं। झींगा मछली का प्रोसेसिंग प्लांट हिसार में तथा खारे पानी में मछली पालन का प्रोसेसिंग प्लांट करनाल में लगाया जा रहा है। तीसरा विश्व स्तर का एक्वेरियम हाउस पंचकूला में स्थापित करने की योजना है।

उन्होंने बताया कि झींगा पालन बहुत ही तकनीकी प्रक्रिया है। मत्स्य किसानों के लिए सात या पंद्रह दिन में पानी की कंपोजिशन की जांच करवानी जरूरी होती है। इसके लिए प्रदेश में तीन टेस्टिंग लैब काम कर रहे हैं। तीन मोबाइल लैबोरेट्री भी इसी मास किसानों के लिए उपलब्ध हो जाएंगी।

**********

अंबाला शहर के श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, में आज तकनीकी शिक्षा विभाग के महा निदेशक प्रभजोत सिंह ने स्मार्ट फैक्ट्री लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजय नारंग भी मौजूद रहे।
यह अत्याधुनिक लैब मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा सोशल रिस्पान्सबिलटी के तहत स्थापित की गई है।
श्री प्रभजोत सिंह ने बताया -
6- प्रभजोत -25 सेकंड

**********

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने भूमि जोत एवं भूमि अभिलेख समेकन निदेशक डॉ. यश पाल के साथ मिलकर आज चंडीगढ़ में राजस्व अधिकारियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत और

रचनात्मक चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं पर कानून और स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। डा. मिश्रा ने उन्हें आश्वासन दिया कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा और प्रत्येक मामले पर निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ रूप से विचार किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राजस्व अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और कई विभाग उनके काम पर निर्भर करते हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार की हमेशा से यह नीति रही है कि नए उपक्रमों में फील्ड अधिकारियों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों के साथ परामर्श को और अधिक संस्थागत रूप दिया जाएगा ताकि फील्ड और मुख्यालय के बीच नियमित संवाद सुनिश्चित हो सके, जिससे संचार की कमियों को दूर किया जा सके और गलतफहमियों को रोका जा सके।

**********

राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में नगराधीश प्रीति रावत ने  खो-खो व कबड्डी सीनियर वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर खेल उपनिदेशक राम मेहर,जिला खेल अधिकारी खुशवंत सिंह और  हुकम चंद भी मौजूद रहे।

पलवल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के एक हजार छियानवें (1096) खिलाड़ी भाग ले रहे है।

नगराधीश प्रीति रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिताएं के तहत खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के खिलाडी भाग ले रहे है।

**********